Title: Need to set up office of the Commissioner of Provident Fund at Ahmadnagar in Maharashtra.- Laid.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : अहमदनगर जिला महाराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण और क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला है। यहां पर करीबन 18 सहकारी चीनी मिलें तथा 516 औद्योगिक इकाइयाँ विकसित हुई हैं जिसमें निजी व्यवसायिकों के साथ जुड़े कम से कम 40 हजार मजदूर हैं और वे सब भविष्य निर्वाह निधि के सदस्य हैं शहर और पूरे जिले में भविष्य निर्वाह निधि का एक निरीक्षक का कार्यालय है। मजदूर तथा अन्य कर्मियों को अनेक कार्यो ऋण लेना, फायनल पेमेंट तथा अन्य कार्यो के लिए अहमदनगर से करीबन 150 किलोमीटर दूरी पर नासिक रीजनल कार्यालय जाना पड़ता है और एक ही चक्कर में कम हो गया, ऐसा कभी भी नहीं हुआ। इसके लिए चार-पांच चक्कर लगाने पड़ते हैं। मजदूरों की आथिक स्थिति देखते हुए उनके लिए इतना खर्चा भारी पड़ता है।

अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि अहमदनगर शहर में ही भविष्य निर्वाह निधि का कार्यालय शुरू करे तो इसके साथ जुड़े मजदूर तथा अन्य कर्मियों को लाभ होगा।